
# विद्या भारती

## संकुल संवाद
अगस्त 2026

"सा विद्या या विमुक्तये"

श्रावण-भाद्रपद / विक्रम संवत 2083




# विरासत का संरक्षण, विचारों का विस्तार

## अभिलेखागार एवं प्रचार विभाग की अखिल भारतीय बैठक





## वर्दी सेरेमनी 2026

### अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा के संकल्प से गूंजा सैनिक स्कूल मंदसौर

# अभिलेखागार एवं प्रचार विभाग की अखिल भारतीय बैठक

## भाऊराव देवरस विद्या मंदिर में देशभर के प्रचार एवं अभिलेखागार कार्यकर्ताओं का संगम









नोएडा | विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में प्रचार विभाग एवं अभिलेखागार विभाग की संयुक्त अखिल भारतीय बैठक भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा सेक्टर 12, उत्तर प्रदेश में 8-9 अगस्त 2026 को आयोजित हुई। प्रचार विभाग के अंतर्गत संपूर्ण देश के प्रांतों एवं क्षेत्रों के मीडिया और सोशल मीडिया के कार्यों को विशेष ध्यान में रखकर यह बैठक कुल 8 सत्रों में संपन्न हुई ।

विद्या भारती संस्कारयुक्त शिक्षा, शैक्षिक विषय, स्वबोध का जागरण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था के प्रचार प्रसार के साथ-साथ विभिन्न विमर्श के विषय जो युवाओ को प्रभावित करते है पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय स्तर से लेकर क्षेत्र स्तर पर हो रहे विभिन्न सोशल मीडिया प्रयोगों, अपनी उपस्थिति, कंटेंट निर्माण आदि की स्थिति के साथ साथ आनेवाले कार्यक्रमों की दृष्टि से रूपरेखा भी तय की गई।

उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के संगठन मंत्री श्री गोविंद जी ने विद्या भारती की यात्रा के साथ साथ भारतीय ज्ञान परंपरा और सनातन गौरव के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रचार विभाग के कार्य का व्यापक दृष्टिकोण दिया।

**समय के साथ नित्य नूतन तकनीक को अपनाते हुए आगे बढ़ना आवश्यक – गोविंद जी महंत**

अखिल भारतीय बैठक में श्री प्रफुल्ल केतकर जी संपादक ORGANISER, श्री रोहित कौशल जी, प्रचार विभाग अखिल भारतीय टोली सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, एवम् डॉ ऋतु दुबे जी ने सोशल मीडिया और इसके विभिन्न आयामों, प्रभावों एवं उपयोग पर मार्गदर्शन किया। संगठनात्मक विषय पर श्री सुधाकर रेड्डी जी, श्री सौरभ मालवीय जी, डॉ रामकुमार भावसार जी एवं अलोक तिवारी जी ने मार्गदर्शन किया।

इस दो दिवसीय बैठक में 11 क्षेत्रों के 33 प्रांतों से 58 कार्यकर्ताओं की उपास्थिति रही, अपेक्षित कार्यकर्ता 64 थे। हमारी उपस्थति सोशल मीडिया के सभी आयामों यथा- फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, X, लिंक्डइन आदि के साथ साथ कम्युनिटी रेडियो और पॉडकास्ट आदि के माध्यम से हमारी पहुँच समाज में बढ़ी है। आगामी सत्रों में वंदेमातरम के 150वर्ष एवं अमृत महोत्सव के प्रचार प्रसार की कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की योजना बनी है।













इसी क्रम में अभिलेखागार विभाग की अखिल भारतीय टोली एवं कार्यशाला भी भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा में आनंदपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में अभिलेखागार विभाग की संकल्पना एवं उद्देश्य, कार्य की वर्तमान स्थिति, प्रांतशः विकास यात्रा का वृत्त-कथन, कार्यपद्धति, कार्यशैली, कार्यकर्ता, कार्यालय एवं संसाधन, पी.पी.टी. के प्रदर्शन तथा क्षेत्र की विकास यात्रा के संयोजन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही 'विद्या भारती विमर्श' के लिए अभिलेखागार की उपयोगिता, अमृत वर्ष में आगामी योजनाएँ, संबंधित कठिनाइयाँ, उनके समाधान एवं मुक्त चिंतन जैसे विषय भी चर्चा के प्रमुख केंद्र रहे।

कार्यशाला के आयोजन से पूर्व कार्य की महत्ता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श के बाद एक विचारणीय विषय-सूची तैयार की गई थी। कार्यशाला से पूर्व इस विषय-सूची को सभी संबंधित सदस्यों के समूह में प्रसारित किया गया। कार्यशाला में सूचीबद्ध सभी विषयों पर गहन विमर्श करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार की गई।

विकास यात्रा के अपेक्षित बिंदुओं पर मध्य प्रदेश के श्री अजय शिवहरे जी ने पी.पी.टी. के माध्यम से विषय को विस्तारपूर्वक एवं स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को अभिलेखागार विभाग की टोली के सदस्यों के समूह में भी साझा किया गया। विकास यात्रा एवं अभिलेखागार की अलग-अलग संकल्पना तथा दोनों की कार्यप्रणाली के विषय में माननीय महामंत्री जी ने अपना विस्तृत संदेश प्रदान किया। वहीं, भविष्य में अभिलेखागार की उपयोगिता विषय पर स्पष्ट जानकारी देते हुए श्री गोविन्द चन्द्र जी ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

दो दिवसीय बैठक एवं कार्यशाला में हुए व्यापक विचार-विमर्श से प्रचार एवं अभिलेखागार विभाग के कार्यों को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं समयानुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्ययोजना तैयार हुई।

बैठक में प्राप्त मार्गदर्शन एवं निर्धारित योजनाओं के माध्यम से विद्या भारती के कार्यों, उपलब्धियों एवं विचारों को समाज के व्यापक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा भावी पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में माधव परिसर के पाँच कक्षों का लोकार्पण




नोएडा | भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा में माधव परिसर के पाँच नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत जी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षाविद् एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवीन कक्षों के निर्माण से विद्यालय की शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण प्राप्त होगा।

# अ. भा. कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों को लेकर बैठक





जबलपुर। विद्या भारती महाकौशल प्रांत के तत्वावधान में 11 से 13 सितंबर 2026 तक जबलपुर में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आवास, भोजन, परिवहन, पंजीयन, अतिथि सत्कार, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता एवं प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं के दायित्व निर्धारित किए गए।

अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए सेवा भाव, अनुशासन, आत्मीयता एवं समर्पण के साथ दायित्व निभाने का आह्वान किया। बैठक में मध्य क्षेत्र एवं महाकौशल प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्या भारती उत्तर क्षेत्र पंचपदी कार्यशाला सम्पन्न

कुरुक्षेत्र | विद्या भारती उत्तर क्षेत्र की पंचपदी कार्यशाला संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा, उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री श्री विजय नड्डा, क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री श्री बाल किशन एवं क्षेत्रीय महामंत्री श्री दिलाराम चौहान ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यशाला में जम्मू, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली प्रांतों से आए प्रतिभागियों ने सहभागिता की। अखिल भारतीय प्रशिक्षण संयोजक श्री अशोक पांडा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पंचपदी शिक्षण पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शैक्षिक गुणवत्ता पर मार्गदर्शन दिया। 📚 पंचपदी—भारतीय शिक्षा पद्धति की प्रभावी एवं संस्कारयुक्त दिशा।




# विद्या भारती पश्चिम क्षेत्र कार्यकारिणी की बैठक

चालीसगांव, 3 अगस्त। विद्या भारती पश्चिम क्षेत्र कार्यकारिणी की बैठक विद्या भारती गुरुकुलम् शिशु वाटिका, चालीसगांव में क्षेत्र अध्यक्ष श्री नितीनभाई पेठाणी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री श्रीराम आरावकर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, संगठन विस्तार, शैक्षणिक गुणवत्ता, ATL गतिविधियों, सामूहिक वंदे मातरम् गायन, संत रविदास जी की 650वीं जयंती, अमृत महोत्सव, शिशु वाटिका एवं आगामी खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया।




कार्यक्रम में पश्चिम क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठनात्मक योजनाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

# ‘नमामि भारतम्’ के माध्यम से वन्दे मातरम्’ का सार्धशती समारोह




असम | विद्वत परिषद की कार्यशाला में शिक्षा, राष्ट्रबोध और भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ मंथन गुवाहाटी, 8 अगस्त, शिशु शिक्षा समिति असम की विद्वत परिषद के तत्वावधान में गुवाहाटी स्थित नेडफी भवन में ‘नमामि भारतम्’ कार्यक्रम के अंतर्गत ‘वन्दे मातरम्’ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि प्राग्ज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. पी. तिवारी ने ‘वन्दे मातरम्’ के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे स्वतंत्रता चेतना, राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक अस्मिता का सशक्त प्रतीक बताया।

मुख्य वक्ता एवं विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर जी ने ‘वन्दे मातरम्’ की रचना की पृष्ठभूमि, साहित्यिक महत्त्व तथा स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ‘वन्दे मातरम्’ भारतीय राष्ट्रीय चेतना का ऐसा स्वर रहा है, जिसने देशवासियों में राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जागृत की।

इसी अवसर पर विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की विद्वत परिषद की एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित हुई, जिसमें पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों से परिषद के प्रमुख, प्रभारी, संयोजक एवं शिक्षाविद् शामिल हुए। श्री अवनीश भटनागर जी ने कहा कि “जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए।” कार्यशाला में विद्वत परिषद की भूमिका, शिक्षा के राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ।




# बाढ़ प्रभावित विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों की पहल



गुवाहाटी, 18 अगस्त। शिवसागर और चराईदेव जिलों के बाढ़ प्रभावित 13 निकेतनों के 1,841 विद्यार्थियों की शिक्षा निरंतर बनाए रखने के लिए शिशु शिक्षा समिति, असम के असम प्रकाशन भारती द्वारा नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराने की पहल की गई।

इसी क्रम में गुवाहाटी से शंकरदेव शिशु निकेतन, शिललुड़ी (शिवसागर) के लिए पाठ्य-पुस्तकों को वाहन से रवाना किया गया। यह पहल आपदा की कठिन परिस्थिति में विद्यार्थियों की शिक्षा जारी रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



बाढ़ प्रभावित 1,841 विद्यार्थियों के लिए भेजी गईं पाठ्यपुस्तकें

वभारत ब्यूरो। गुवाहाटी। शिवसागर और चराइदेऊ जिलों में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित 13 निकेतनों के 1,841 विद्यार्थियों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से शिशु शिक्षा समिति, असम के असम प्रकाशन भारती की ओर से नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसी क्रम में मंगलवार को गुवाहाटी से शिवसागर जिले के शंकरदेव शिशु निकेतन, शिमलुगुड़ी के लिए पाठ्यपुस्तकों को वाहन के माध्यम से रवाना किया गया। शिशु शिक्षा समिति, असम के प्रचार संयोजक मुकुटेश्वर गोस्वामी ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में बाढ़ प्रभावित निकेतनों के विद्यार्थियों को आवश्यक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन सचिव डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भागवती, महासचिव जगन्नाथ राजवंशी तथा अजय नाग ने सहयोग प्रदान किया।



Free Textbooks for 1,841 Students of 13 Flood-Affected Shishu Niketans

Guwahati, Aug 18: In an effort to ensure continuity of education for 1,841 students of 13 Shishu Niketans affected by the recent devastating floods in Sivasagar and Charaideo districts, the Assam Prakashan Bharati, under Shishu Shiksha Samiti, Assam, has taken an initiative to provide free textbooks.

As part of the initiative, the textbooks were dispatched by vehicle from Guwahati to Shankardev Shishu Niketan, Simaluguri, in Sivasagar, on Tuesday.

According to Mukuteswar Goswami, Publicity Coordinator of Shishu Shiksha Samiti, Assam, the initiative has been undertaken to provide essential textbooks to students of the flood-affected Niketans and help ensure that their education continues uninterrupted during this period of natural calamity.

Dr. Pawan Tiwari, Organising Secretary of Vidya Bharati Purvottar Kshetra; Kulendra Kumar Bhagawati, President of Shishu Shiksha Samiti, Assam; General Secretary Jagannath Rajbongshi; and Ajay Nag extended their cooperation towards the successful implementation of the initiative.

The initiative is expected to play an important role in helping flood-

# वि. भा. संस्कृति शिक्षा संस्थान में आईकेएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम




कुरुक्षेत्र, 11 अगस्त। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित आई.के.एस. प्रोजेक्ट का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के 25 इंटर्न तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री श्री देशराज शर्मा, उत्तर क्षेत्र के महामंत्री श्री दिलाराम, संगठन मंत्री श्री विजय नड्डा तथा संस्थान की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक डॉ. संदीप ने पी.पी.टी. के माध्यम से प्रोजेक्ट के उद्देश्यों, प्रमुख बिंदुओं एवं प्रतिभागियों की भूमिका की जानकारी दी। सहायक अन्वेषक गौतम दत्त ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया केवल कक्षा-कक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि अनुभव और प्रयोग भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

मुख्य वक्ता श्री देशराज शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ए.आई. का उपयोग करने के साथ-साथ ए.आई. के विकासकर्ता बनने की दिशा में भी विचार करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को ज्ञान, चिंतन, खोज, अनुभव, चरित्र निर्माण और समग्र विकास से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान की जड़ों, आधुनिक विज्ञान और वैश्विक दृष्टि का समन्वय ही भविष्य की शिक्षा का आधार होना चाहिए।

उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री विजय नड्डा ने कहा कि शोध और प्रयोग के बिना शिक्षा केवल जानकारी को याद करने तक सीमित रह जाती है। भारतीय शिक्षा दर्शन व्यक्ति के शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास पर बल देता है। उन्होंने शिक्षा को जीवन से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न जिज्ञासाएं एवं प्रश्न रखे, जिनका वक्ताओं ने समाधान किया।



# तिरंगा यात्रा में स. वि. मंदिर के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आवास विकास, ऋषिकेश के छात्र-छात्राओं ने उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता 🇮🇳 की। हाथों में तिरंगा और हृदय में राष्ट्रप्रेम लिए विद्यार्थियों ने एकता, अखंडता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर ऋषिकेश के विधायक श्री प्रेमचंद अग्रवाल, महापौर श्री शंभू पासवान, उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम कंडवाल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र खुराना, प्रवेश कुमार, सीमा कटारिया एवं यशोदा भारद्वाज उपस्थित रहे।

🇮🇳 तिरंगा हमारी शान है, भारत हमारी पहचान है 🇮🇳



# वर्दी सेरेमनी 2026

## अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा के संकल्प से गूंजा सैनिक स्कूल मंदसौर






मंदसौर। सैनिक स्कूल मंदसौर में नवप्रवेशित कैडेट्स के लिए 'वर्दी सेरेमनी 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गार्ड ऑफ ऑनर एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री गोविन्द चन्द्र महंत, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली रहे, जबकि अध्यक्षता श्री प्रकाशचंद्र जी धनगर, प्रांतीय अध्यक्ष, विद्या भारती मालवा प्रांत ने की।

समारोह का प्रमुख आकर्षण 'कैप सेरेमनी' रहा, जिसमें अतिथियों एवं अभिभावकों ने नवप्रवेशित कैडेट्स को बेरेट पहनाकर उनके सैनिक जीवन की औपचारिक शुरुआत को गौरवपूर्ण बनाया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को वर्दी धारण करने एवं राष्ट्ररक्षा के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई।

कैडेट्स ने सैनिक स्कूल में प्रवेश से लेकर NDA तक की संभावित यात्रा, सैनिक दिनचर्या, कक्षाओं, पीटी, ड्रिल एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया। राजस्थानी, पंजाबी एवं गरबा नृत्य, ग्रुप सॉन्ग सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना के रंग भर दिए।

मुख्य अतिथि श्री गोविन्द चन्द्र महंत ने कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, मातृभक्ति एवं पितृभक्ति के संस्कार विकसित करना है। उन्होंने कैडेट्स से 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जीवन का आधार बनाते हुए राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सही शिक्षा और संस्कार जीवन में सफलता के लिए आवश्यक हैं और सैनिक स्कूल मंदसौर में दोनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री प्रकाशचंद्र धनगर ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य को समाज एवं राष्ट्र के हित में लगाने तथा नर सेवा को नारायण सेवा मानकर राष्ट्रसेवा के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



समारोह में विद्या भारती मालवा प्रांत के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्य, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। यह समारोह नवप्रवेशित कैडेट्स के जीवन में अनुशासन, संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सेवा के संकल्प का प्रेरणादायी शुभारंभ बना।





# ‘वन्दे मातरम्’ के 150 वर्ष : ‘नमामि भारतम्’

## ‘वन्दे मातरम्’ के 150 वर्ष : ‘नमामि भारतम्’ के अंतर्गत विशेष पोस्टर जारी



गुवाहाटी, 25 अगस्त। ‘वन्दे मातरम्’ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा ‘नमामि भारतम्’ पहल के अंतर्गत विशेष पोस्टर श्रृंखला जारी की गई।

कार्यक्रम में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, क्षेत्रीय मंत्री श्री जगदिन्द्र राय चौधरी, शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री कुलेन्द्र कुमार भगवती, महामंत्री श्री जगन्नाथ राजबंशी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि ‘वन्दे मातरम्’ केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, मातृभूमि के प्रति समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायी विरासत का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी ने इसके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# गोरखपुर में प्रश्न-पत्र निर्माण कार्यशाला





गोरखपुर। आगामी अखिल भारतीय विज्ञान मेला-2026 की तैयारियों के तहत सरस्वती शिशु मंदिर (10+2), पक्कीबाग में विद्या भारती द्वारा दो दिवसीय प्रश्न-पत्र निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र कान्हेरे ने कहा कि प्रश्न-पत्र विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, विषय-समझ एवं क्रिटिकल थिंकिंग को परखने वाले होने चाहिए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने त्रुटिरहित प्रश्न-पत्र निर्माण पर बल दिया। अखिल भारतीय विज्ञान संयोजक नागेन्द्र कुमार पाण्डेय ने निर्धारित मानकों के पालन को आवश्यक बताया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए विज्ञान विशेषज्ञों एवं आचार्यों ने सहभागिता की।

# विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक





गुवाहाटी। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक 1–2 अगस्त 2026 को असम प्रकाशन भारती के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत, पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद परसाईं, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदींद्र राय चौधुरी, संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी सहित क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं विभिन्न प्रांतों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, शैक्षिक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यों को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने की आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

# विशाखापट्टनम में से. शैक्षिक परिषद की अ. भा. कार्यशाला




विशाखापट्टनम, 25 अगस्त। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सेकेण्डरी शैक्षिक परिषद की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला 23 से 25 अगस्त 2026 तक विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश में सम्पन्न हुई। इसमें देश के 11 क्षेत्रों एवं 33 प्रांतों से क्षेत्रीय एवं प्रांतीय संयोजकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा 9 से 12 तक शैक्षिक गुणवत्ता का उन्नयन, पंचपदीय शिक्षण पद्धति का प्रभावी क्रियान्वयन, NEP 2020 के अनुरूप कौशल विकास तथा वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना निर्धारित करना रहा।

अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महंत जी ने कहा कि माध्यमिक स्तर किशोरावस्था का संवेदनशील चरण है, जहाँ आचार्य विषय ज्ञान के साथ विद्यार्थियों में जीवन-मूल्य एवं राष्ट्रबोध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री श्रीराम आरावकर जी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को माध्यमिक शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया। वहीं अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी ने NEP 2020 एवं पंचकोशीय शिक्षा के समन्वय की आवश्यकता बताई। अखिल भारतीय संयोजक, सेकेण्डरी शैक्षिक परिषद श्री राजीव गुप्ता जी ने विगत दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों एवं किशोर मनोविज्ञान पर चर्चा की।

कार्यशाला में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा एवं वाणिज्य विषयों पर मंथन के साथ नवाचार, आचार्य प्रशिक्षण, बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार, कौशल शिक्षा एवं अधिगम प्रतिफल पर अनुभव साझा किए गए। वर्ष 2026-27 के लिए त्रैमासिक परिषद बैठक, मॉडल पाठ योजना बैंक, कौशल विकास कार्यशालाएँ, करियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षा अभिमुखीकरण तथा पुस्तक लेखन जैसे कार्यक्रमों पर सहमति बनी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से श्री जगदीश रघुवंशी जी, ब्रज प्रांत से श्री लोकेश्वर प्रताप सिंह जी, मेरठ प्रांत से श्री नवनीत कुमार जी, क्षेत्र सह-संयोजक श्री नीरज अग्रवाल जी तथा उत्तराखण्ड से श्री इन्दरपाल सिंह जी परमार ने अपने अनुभव एवं कार्यवृत्त प्रस्तुत किए।

समापन सत्र में आगामी कार्ययोजना को सभी प्रांतों में समयबद्ध रूप से लागू करने का संकल्प लिया गया। वन्दे मातरम् के साथ 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे कार्यशाला का समापन हुआ।







# विद्या भारती अखिल भारतीय शिशुवाटिका चिंतन बैठक



उज्जैन | विद्या भारती अखिल भारतीय शिशु वाटिका की दो दिवसीय चिंतन बैठक सम्राट विक्रमादित्य भवन, प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र व उज्जैन आयोजित हुई।

चिंतन बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद महंत, अखिल भारतीय शिशुवाटिका प्रमुख आशा बहन जी थानकी, हीना बेन जी ठुम्मर, नम्रता दत्त जी तथा श्री हुकुमचंद भुवंता सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए । बैठक में शिशुवाटिका की वर्तमान कार्ययोजना, शैक्षिक व्यवस्थाओं, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा आगामी कार्यों को प्रभावी बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चिंतन एवं हुआ।

दो दिवसीय चिंतन बैठक का उद्देश्य शिशुवाटिका के कार्य को अधिक प्रभावी, संस्कारक्षम एवं बालकेंद्रित बनाते हुए आगामी योजनाओं को गति प्रदान करना था।

# जनजातीय क्षेत्रों में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

बैतूल । विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के सरस्वती शिक्षा केंद्र द्वारा भारत भारती आवासीय विद्यालय, जामठी से जनजातीय क्षेत्रों में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रारंभिक चरण में 40 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए। 24 अगस्त को हजारों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण अपने-अपने गांवों में पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम में संगठन मंत्री श्री निखिलेश माहेश्वरी, प्रधान संपादक श्री मयंक भार्गव, अखिल भारतीय संयोजक श्री बुधपाल सिंह एवं श्री रूपसिंह लोहान सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ सामुदायिक सहभागिता और हरित भविष्य को बढ़ावा देना है।





# भा. वि. मं. उधमपुर में 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ




उधमपुर। भारतीय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उधमपुर में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में शतरंज, टेबल टेनिस एवं योगासन की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री अशोक गुप्ता, महाप्रबंधक, जम्मू-कश्मीर बैंक ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यवक्ता मान्यवर बाल किशन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों को अनुशासन, एकाग्रता एवं चरित्र निर्माण का माध्यम बताया। विभिन्न प्रांतों से आए खिलाड़ी एवं पदाधिकारी समारोह में उपस्थित रहे।

# विद्या भारती विद्यालयों में भव्य तिरंगा यात्रा एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह

**देशभर के विद्या भारती विद्यालयों में 15 अगस्त 2026 को 80वाँ स्वतंत्रता दिवस भव्य तिरंगा यात्राओं एवं विविध स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इन आयोजनों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।**









# वि. भा. के विद्यालयों में रक्षाबंधन का त्योहार

**विद्या भारती विद्यालयों में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्नेह, भाईचारे, पारस्परिक संबंधों और सामाजिक समरसता के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों को राखी बाँधकर उनके साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के लिए उनके समर्पण को नमन किया।**









# गीता वि. मं., गोहाना को 'India's Best Schools 2026' में AAA रेटिंग




गोहाना। विद्या भारती के गीता विद्या मंदिर, गोहाना को Careers360 द्वारा प्रकाशित 'India's Best Schools 2026' में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए AAA ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह सम्मान विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्वनी कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे आचार्यों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

# जिला स्तरीय स्पंदन लीग कबड्डी में विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

उधमपुर, 25 अगस्त। संत ईश्वर भारतीय विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, उधमपुर नैन्सू की अंडर-19 बालक कबड्डी टीम ने एसटीसी बीएसएफ, उधमपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्पंदन लीग कबड्डी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ियों ने खेल कौशल, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना का शानदार परिचय देते हुए प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के लिए टीम को ₹11,000 की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।




# सरस्वती विद्या निकेतन में प्री-रक्षाबंधन उत्सव

रानीपूल | सरस्वती विद्या निकेतन, रानीपूल में प्री-रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर प्रेम, स्नेह, सम्मान और भाईचारे का संदेश दिया। उत्सव को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने यूको बैंक और रानीपूल पुलिस स्टेशन पहुंचकर बैंक अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को राखी बांधी तथा समाज के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रेम, संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना जैसे जीवन-मूल्यों से जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास रहा।
राखी का संदेश—प्रेम भी, सम्मान भी, संरक्षण भी।









# उपलब्धियां

## एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी में दिव्यांश ठाकुर का शानदार प्रदर्शन



मनाली। विद्या भारती हिमाचल (हिमाचल शिक्षा समिति) द्वारा संचालित अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर, मनाली के पूर्व छात्र दिव्यांश ठाकुर ने एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी के अंडर-17 वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।



## पुष्पा राणा बनीं भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान

शिलाई, सिरमौर। विद्या भारती हिमाचल (हिमाचल शिक्षा समिति) द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर, शिलाई, जिला सिरमौर की पूर्व छात्रा सुश्री पुष्पा राणा को भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय, क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है।
सुश्री पुष्पा राणा की सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करती है।




## बीवीएम उधमपुर की कबड्डी टीम ने जीता कांस्य पदक




उधमपुर। भारतीय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उधमपुर नैनसू की अंडर-19 कबड्डी टीम ने स्पंदन लीग-2026 के जिला स्तरीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन उधमपुर के सुभाष स्टेडियम में किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टीम को ₹11,000 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। टीम की सफलता ने विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान
प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065
www.vidyabharti.net I www.vidyabharatisamvad.com
Email : vbabss@yahoo.com I vbsamvad@gmail.com
@VidyaBharatiIN
Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126